सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

संदेश

'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस' के उपलक्ष्य में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा 12 से 26 जून, 2023 तक अखिल भारतीय स्तर पर 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' का आयोजन सराहनीय है।

नशीली दवाओं का दुरुपयोग और अवैध तस्करी लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शांति और विकास को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। नशे के कारण अनेक परिवारों को मानसिक और आर्थिक रूप से कष्टमय जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है। युवाओं में भटकाव, समाज में अपराध व आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण में भी नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी का बड़ा हाथ है।

नशा एक सामाजिक बुराई है और इससे समग्रता से निपटने की जरूरत है। नशा मुक्ति को जन आंदोलन बनाने और लोगों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित और जागरुक करने के लिए चल रहे 'नशा मुक्त भारत अभियान' का समाज पर सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है।

नशीली दवाओं के खिलाफ हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ रहे हैं। इनकी रोकथाम से जुड़ी एजेंसियों के संस्थागत संरचनाओं को मजबूत करते हुए उनके सशक्तिकरण और बेहतर समन्वय से हमारे प्रयासों को बल मिल रहा है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी को रोकने में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा किए जा रहे कार्य उल्लेखनीय हैं।

अमृत काल हम सभी के लिए एक भव्य व विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जी-जान से कार्य करने का कर्तव्य काल है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी से मुक्ति के लिए हमारे सतत् सामूहिक प्रयास एक सुरक्षित, स्वस्थ और मजबूत भारत का निर्माण सुनिश्चित करेंगे।

मुझे विश्वास है कि 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस' जन-जन को इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा और लोग देश व समाज की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे।

'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' के आयोजन से जुड़े और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए कार्य करने वाले सभी लोगों को भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
ज्येष्ठ 29, शक संवत् 1945
19 जून, 2023